पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून शनिवार 19 सितंबर 2020 पेज 8



एनआईसी के अधिकारियों से चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष।

## कोविड–19 से लड़ाई, हेल्थ सिस्टम को मजबूती

उत्तराखण्ड में सभी के सहयोग से कोविड–19 से लड़ाई लड़ी जा रही है। परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले रहे हैं। सर्विलांस, सेम्पलिंग, टेस्टिंग पर फोकस किया जा रहा है। राज्य में हेल्थ सिस्टम को मजबूत किया गया है।

## राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में उत्तराखण्ड ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। नीति आयोग द्वारा जारी "भारत नवाचार सूचकांक 2019" में पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड सर्वश्रेष्ठ तीन राज्यों में शामिल है। राज्य को 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट घोषित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तराखंड को सात पुरस्कार मिले हैं।'

## लोक कल्याणकारी सरकार

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की राशि को 1000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1200 रूपए प्रतिमाह किया गया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राज्य सरकार के साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल पर वर्चुअल प्रेस वार्ता की

# सुशासन और जीरो टलरेंस ऑन करप्शन सरकार की प्राथमिकता

**गोद अभियान**

■जनता से किए 85 फीसदी वायदे पूरे किए, स्वरोजगार पर फोकस

■खेती और बागवानी के लिए विशेष योजनाएं

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार वन्यजीवों से फसलों की सुरक्षा के लिए व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रही है। इसमें 4 वानर रेस्क्यू स्टेंटरों की स्थापना, 125 किमी जंगली सूअर रोधी दीवार, 50 किमी सोलर फेंसिंग, 13 किमी हाथी रोधी दीवार, 250 किमी हाथी रोधी खाईयों का निर्माण शामिल है। महिला पौधालयों की स्थापना पर भी काम किया जा रहा है जिसमें कि लगभग 20 हजार महिलाओं को रोजगार सम्भावित है। एक वैश्विक स्तर का साईस कॉलेज और प्रदेश के 5 हजार स्कूलों में हिमालय इको क्लबों की स्थापना की कार्ययोजना भी बनाई गई है।



**रोजगारः** मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल पर वर्चुअल प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि अप्रैल 2017 से सितम्बर 2020 तक विभिन्न विभागों के अंतर्गत कुल 7 लाख 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया गया। इनमें से नियमित रोजगार लगभग 16 हजार, आउटसोर्स/अनुबंधात्मक रोजगार लगभग 1 लाख 15 हजार और स्वयं उद्यमिता/प्राईवेट निवेश से प्रदान निर्माणाधीन परियोजनाओं से रोजगार लगभग 5 लाख 80 हजार है। वर्तमान में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में 7200 पदों पर अधियाचन भर्ती प्रक्रिया गतिमान है।

मनरेगा में प्रति वर्ष 6 लाख लोगों को रोजगार दिया जाता है। कोविड के दौरान इसमें अतिरिक्त रोजगार दिया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 84 हजार अतिरिक्त परिवारों (2 लाख अतिरिक्त श्रमिकों) को रोजगार दिया गया है। युवाओं और प्रदेश में लौटे प्रवासियों के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की गई। एमएसएमई के तहत इसमें ऋण और अनुदान की व्यवस्था की गई है। इसमें लगभग 150 प्रकार के काम शामिल किए गए हैं।

**गैरसैंण, उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानीः** गैरसैंण को उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया गया। इसकी विधिवत अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। भविष्य की आवश्यकताओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से चारधाम देवस्थानम बोर्ड का गठन किया गया है। इसमें तीर्थ पुरोहित और पण्डा समाज के लोगों के हक हकूक और हितों को सुरक्षित रखा गया है।

**कार्यसंस्कृति में सुधारः** ई कैबिनेट, ई–ऑफिस, सीएम डैश बोर्ड उत्कर्ष, सीएम हेल्पलाईन 1905, सेवा का अधिकार और ट्रांसफर एक्ट की पारदर्शी व्यवस्था के चलते कार्यसंस्कृति में गुणात्मक सुधार हुआ है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस सरकार की प्रमुख नीति है।

**रिवर्स पलायन पर सुनियोजित प्रयासः** पर्वतीय राज्य की अवधारणा से बने उत्तराखण्ड में पहली बार किसी सरकार ने रिवर्स पलायन पर सुनियोजित तरीके से काम शुरू किया है। एमएसएमई के केंद्र में पर्वतीय क्षेत्रों को रखा गया है।

**नए पर्यटन केद्रो का विकासः** 13 डिस्ट्रिक्ट–13 न्यू डेस्टीनेशन से नए पर्यटन केंद्रों का विकास हो रहा है। होम स्टे योजना से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। रोपवे प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। जलसंरक्षण और जलसंवर्धन पर काफी काम किया गया है।

## डबल इंजन का असर

डबल इंजन का असर साफ–साफ देखा जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा लगभग एक लाख करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश के लिए स्वीकृत हुई हैं। बहुत सी योजनाओं पर तेजी से काम भी चल रहा है। इनमें ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना, चारधाम सड़क परियोजना, केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण, भारतमाला परियोजना, जमरानी बहुद्देशीय परियोजना, नमामि गंगे, भारत नेट फेज –2 परियोजना, एयर कनेक्टीवीटी पर किया जा रहा काम मुख्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिम्मेदारी से भाग रही सरकारः महेश जोशी

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी ने प्रदेश की सरकार पर आरोप लगाया कि वह जिम्मेदारी से भाग रही है। उन्होंने कहा कि जहां कोरोना वायरस कोविड 19 वैश्विक महामारी के दौरान जनता इससे जूझती रही वहीं प्रदेश सरकार डरी सहमी सी खुद को बचाती रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ये तो पता था कि संक्रमित का आंकड़ा पच्चीस हजार के पार जायेगा लेकिन मरीजों के लिए आईसीयू वार्ड की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

### दून में नैनो सिरैमिक कोटिंग लाने वाली पहली कंपनी बनी लक्जरी राइड

**संवाददाता** देहरादून। दून में मांग में बढ़ोतरी के साथ, कई लोग उच्च स्तर की प्री–ओन्ड लक्जरी कारों, जैसे ऑडी, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, पोर्शे, वोल्वो, जैगुआर, लैण्ड रोवर, मिनी कूपर, आदि की खरीदारी कर रहे हैं। इसे देखते हुए, लक्जरी राइड देहरादून के लोगों के लिये सेवाओं का एक पैकेज लेकर आया है और अपने ग्राहकों की सुविधा के लिये कॉन्टैक्ट–लेस और पिक एंड ड्रॉप सुविधाओं के साथ एक तिहाई मूल्य पर कार सर्विसिंग की पेशकश कर रहा है। लक्जरी राइड दून में लक्जरी कारों के सभी प्रेमियों के लिये नैनो सिरैमिक कोटिंग सुविधाएं लाने वाली पहली कंपनी है।

# हरीश रावत जी पहले पंजाब और राजस्थान में बिजली मुफ्त करवाएं

**आरोप**

■ उत्तराखण्डवासियों को बाद में सपने दिखाएंः रविन्द्र सिंह आनंद

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून। आज बिजली और पानी मुफ्त देने का बात कर रही कांग्रेस पार्टी आज जनता की याद आई है। जब उनको मौका दिया गया था तब उन्होंने डेनिस देने के सिवाय क्या किया। उक्त आरोप आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनंद ने कांग्रेस पार्टी पर लगाए। उन्होंने का कि दस साल प्रदेश की सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी को तब जनता की सुध नहीं थी जो आज आम आदमी पार्टी की योजनाओं को चुरा कर उन पर काम करने का हवाला दे रही है।

आनंद ने कहा कि आज नेशनल कांग्रेस के महासचिव व पंजाब के प्रभारी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी जनता को 100 यूनिट बिजली मुफ्त और 25 लीटर पानी मुफ्त देने की बात कर रहे है, मेरा उनसे कहना यह है कि पहले जहां उनकी सरकार है पंजाब और राजस्थान वहां तो बिजली और पानी मुफ्त करवाएं। अब जबकि वे नेशनल कांग्रेस के महासचिव भी और पंजाब के प्रभारी भी है तो वहां उनकी ही सरकार है वहां पर मुफ्त करवाने के बाद उत्तराखण्ड की जनता को सपने दिखाए। श्री आनंद ने कहा कि शर्म आनी चाहिए दोनो पार्टियों भाजपा और कांग्रेस को जिसने 20 सालों में भी वे नहीं किया जो अब आम आदमी पार्टी का विजन है।

आनंद ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी इन दोनो पार्टियों की तरह हवा में बातें नहीं कर रही है उन्होंने दिल्ली में एक मिसाल कायम की और वह दिखा कर ही उत्तराखण्ड में काम करने की बात कर ही है। भाजपा और कांग्रेस की सरकारें जिन भी प्रदेशों में है वहां पर किस प्रदेश में उन्होंने बिजली व पानी के बिलों में छूट दी है जो अब उत्तराखण्ड के लोगों को झूठे सपने दिखाए जा रहे है।

**झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हरीश रावत**



आनंद ने आरोप लगाए कि जब हरीश रावत जी को जनता ने मौका दिया और वे मुख्यमंत्री रहे तो उन्होंने यह सब न सोच कर डेनिस पिलाने के बारे में सोचा और जब आम आदमी पार्टी दिल्ली मॉडल को लेकर उत्तराखण्ड में काम करने जा की बात कर रही है तो वे उनकी योजनाओं का चुरा कर वे ही जनता के सामने परोस रहे है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने एनआईसी के अधिकारियों से की चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों द्वारा सदन की कार्यवाही में वर्चुअल जुड़ने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने एनआईसी के अधिकारियों के साथ विधानसभा भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एक बैठक के दौरान चर्चा की।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि विधायक गण अपने जिला मुख्यालय से ही वर्चुअल जुड़ सकते हैं इसके लिए विधिवत एनआईसी के माध्यम से प्रत्येक जिला केंद्रों पर जुड़ने की व्यवस्था की जा रही है। अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया है कि विधानसभा का मानसून सत्र देहरादून स्थित विधानसभा भवन के सभा मंडप में ही संचालित किया जाएगा सकोविड–19 के कुप्रभाव से बचने के लिए सदन के अंदर और बाहर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है ताकि माननीय मंत्री गण, विधायक एवं अधिकारियों की कोविड–19 के कुप्रभाव से सुरक्षा की जा सके।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०– 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं० UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।